दिन–सोमवार दिनांक– 16 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

बिहार की पांच राज्यसभा सीटों के लिए मतदान जारी है। विधानसभा परिसर में बने मतदान केंद्र पर विधायक बारी–बारी से मतदान कर रहे हैं। मतदान की प्रक्रिया शाम चार बजे तक चलेगी। शाम पांच बजे से मतों की गिनती की जायेगी। आज देर शाम तक नतीजों की घोषणा की जा सकती है। हमारे संवाददाता ने बताया कि विधानसभा में सदस्यों की संख्या के मुताबिक हर सीट पर जीत के लिए इकतालीस विधायकों का मत चाहिए। विधानसभा में संख्या बल के हिसाब से चार सीटों पर एनडीए की जीत पक्की मानी जा रही है। वहीं, पांचवीं सीट के लिए मुकाबला काफी रोचक है। इधर, राजद प्रत्याशी को असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी, एआईएमआईएम के समर्थन मिल जाने से चुनाव दिलचस्प हो गया है। एनडीए की ओर से जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, भाजपा के प्रदेश महामंत्री शिवेश कुमार तथा जदयू नेता और केन्द्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर उम्मीदवार हैं। वहीं, राजद ने निवर्तमान सांसद अमरेन्द्रधारी सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है।

———————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और विधायक नितिन नवीन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और शिक्षा मंत्री सुनील कुमार समेत कई विधायकों ने मतदान किया। जेल में बंद मोकामा विधायक अनंत सिंह ने भी पुलिस अभिरक्षा में मतदान किया। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि कांग्रेस के चार विधायक सुरेन्द्र प्रसाद, मनोज विश्वास, मनोहर प्रसाद सिंह और आबिदुर रहमान मतदान के लिए अभी तक विधानसभा नहीं पहुंचे हैं।

———————————————————————

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि देशभर में एलपीजी वितरकों के पास गैस की कोई कमी नहीं है। मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी बुकिंग में गिरावट आई है। कल लगभग सतहत्तर लाख बुकिंग दर्ज की गईं, जबकि इस महीने की तेरह तारीख को लगभग अट्ठासी लाख बुकिंग दर्ज की गई थी। वाणिज्यिक

एलपीजी सिलेंडर भी प्राथमिकता के आधार पर वितरण के लिए राज्य सरकारों को सौंप दिए गए हैं और अब उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध हैं। मंत्रालय ने बताया कि पेट्रोल तथा डीजल की आपूर्ति भी नियमित रूप से जारी है। मंत्रालय ने लोगों को घबराहट में खरीदारी नहीं करने की सलाह दी है।

———————————————————————

राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने देश में कथित एलपीजी संकट को लेकर कांग्रेस पार्टी पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस संकट में भारत की कोई भूमिका नहीं है। श्री नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्ष संकट के समय में राजनीति करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। उन्होंने सदन को बताया कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय स्थिति के कारण संकट उत्पन्न हुआ है। श्री नड्डा ने कहा कि इस संकट पर सरकार ने विस्तृत चर्चा की है और स्थिति को स्पष्ट रूप से समझाया है, लेकिन विपक्ष जानबूझकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहा है। इससे पहले, शून्यकाल के दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने सदन में एलपीजी का मुद्दा उठाया और सरकार पर संकट से निपटने के लिए आवश्यक कदम न उठाने का आरोप लगाया।

———————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि वातावरण में नमी की मात्रा अधिक होने और स्थानीय कारणों से अगले सात दिनों तक प्रदेश के अधिकतर भागों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना बनी हुयी है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, मधुबनी, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण समेत राज्य के उत्तर—मध्य और उत्तर—पश्चिमी भागों में कई स्थानों पर ओलावृष्टि और वज्रपात की आशंका व्यक्त की है। इसे लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में औसत तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की कमी हो सकती है।

———————————————————————

जम्मू कश्मीर के करगील में ड्यूटी के दौरान पश्चिम चंपारण जिले के रहने वाले शहीद अग्निवीर जवान मनीष कुमार का अंतिम संस्कार आज पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इससे पूर्व, शहीद जवान का पार्थिव शरीर उनके पैतृक स्थान

योगापट्टी प्रखंड के नवलपुर गांव पहुंचने पर वंदे मातरम और भारत माता की जय के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो गया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।